Title: Need to complete survey for uranium reserves in Lanji Tehsil of Balaghat district, Madhya Pradesh- Laid.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (बालाघाट): मध्य प्रदेश के बालाघाट के जिले में प्राकृतिक वन संपदा एवं अपूर्व खनिज भंडार का धनी जिला है जहां पर तांबा, मैगनीज की सफल लाभदायी खान संचालित है। वहीं कोयला, डोलामाइट की उपस्थिति भी है तथा दूसरी ओर यह जिला नक्सलवादी प्रभावित जिला भी है। केन्द्र सरकार के भू-सर्वेक्षण विभाग द्वारा बालाघाट जिले की लांजी तहसील में यूरेनियम के भंडार मिलने की संभावना में अनेक भूगर्भीय परीक्षण भी किये गए थे। लेकिन आतंकवादी नक्सली गतिविधियों के कारण जमीन के भीतर विस्फोटक लगाये जाने के कारण भूगर्भीय परीक्षण रोक दिये गए हैं, जो राट्र की अपूर्णीय क्षति है।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि यूरेनियम की उपस्थिति के प्रश्न पर केन्द्र सरकार गंभीरता से विचार करते हुए राज्य सरकार को तत्संबंध में सुरक्षा प्रदान करने तथा अनुसंधान को पूर्ण करने के निर्देश दें। यह सफलता सिर्फ बालाघाट या मध्य प्रदेश राज्य के लिए ही नहीं होगी वरन राट्र के लिये अति महत्वपूर्ण है।